## गागर में सागर

### पंडरा में बात करने के लिए मांगा मोबाइल फिर लेकर हुआ फरार

**रांची।** राजधानी रांची में कड़ी सुरक्षा के बीच अपराधी लगातार छिनतई और लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रांची के पंडरा इलाके का है। पंडरा जनक नगर में अपराधियों ने एक युवक से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना अहले सुबह चार बजे की बतायी जा रही है। छिनतई की वारदात जनक नगर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि जनक नगर निवासी अनिल कुमार सिंह पूजा घूम कर घर लौट रहे थे। गली के मुहाने पर एक अपराधी ने उन्हें रोका। वहीं दो अपराधी गली के दूसरे मोड़ पर खड़े थे। अपराधी ने अनिल से कहा कि उनके मोबाइल का नेटवर्क काम नहीं कर रहा है। जरूरी बात करने का झांसा देकर अपराधी ने उनसे मोबाइल लिया। अनिल भी अपराधी के बगल में खड़ा था। इसी दौरान अपराधी बात करते हुए मोबाइल लेकर दौड़कर भाग निकला। यह देखकर उसके साथ भी मौके से फरार हो गए। हालांकि अनिल ने अपराधियों का कुछ दूर तक पीछा भी किया। मगर सभी अपराधी भागने में सफल रहे। पंडरा पुलिस के अनुसार अब तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। सोशल मीडिया से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

### गोस्सनर कॉलेज की छात्रा का अपहरण, केस दर्ज

**रांची।** रांची के गोस्सनर कॉलेज की छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। इस संबंध में परिजन ने डोरंडा थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। परिजन की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनकी 17 वर्षीय भगिनी शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे गोस्सनर कॉलेज जाने के नाम से घर से निकली थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची। उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा था। भगिनी की खोजबीन करते हुए वह गोस्सनर कॉलेज भी गए। तब पता चला कि दुर्गा पूजा की वजह से कॉलेज 19 अक्तूबर से ही बंद है। इसके बाद वह कई रिश्तेदारों से भी संपर्क किया। मगर नाबालिग छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद वह शनिवार को सीधे डोरंडा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नाबालिग छात्रा को खोजने के लिए पुलिस की टीम सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है। बता दें कि छात्रा अपने मामा-मामी के घर में रह कर पढ़ाई किया करती है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में चालक पर केस

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत के मामले में वाहन चालक के खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। अरगोड़ा पिपरटोली निवासी आशा लकड़ा के बयान पर डोरंडा थाने में मामला दर्ज किया गया है। आशा लकड़ा ने पुलिस को बयान दिया कि 16 सितंबर को उनके पुत्र प्रवीण लकड़ा अपने दोस्त के साथ बाइक से एयरपोर्ट रोड में जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में धक्का मार दिया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी उन्हें देर रात को हुई।

### बेड़ो में दुर्गा पूजा महासमिति के सचिव सह समाजसेवी उमेश महतो को पत्नी शोक



**बेड़ो।** बेड़ो में श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के सचिव सह मेहता वस्त्रालय के संचालक समाजसेवी उमेश महतो की धर्मपत्नी 40 वर्षीया शोभा देवी की शनिवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जहां उनकी अचानक हुई मौत पर दुर्गा पूजा महासमिति ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए वाद्य यंत्र बंद कर पारम्परिक तरीके से महाअष्टमी की पूजा व आराधना अनुष्ठान किया। शोभा देवी का इलाज के रिंची हॉस्पिटल रांची में चल रहा था। इनके निधन पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ये पीछे अपने पति उमेश महतो, बेटी पूजा कुमारी, बेटा रौनक मेहता एवं सिद्धार्थ मेहता सहित पूरा भरा पूरा परिवार को पीछे छोड़ गईं। अंतिम संस्कार पुरनी पोखरा पुरियो कठर टोली स्थित मुक्तिधाम में रविवार किया गया। सूचना मिलने पर शोक संतप्त परिजनों पूर्व मंत्री झारखंड सह प्रदेश कोंग्रेस कमिटि के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की इनके घर जाकर मिले और ढांढ़स बंधाते कहा कि इस दुख की घड़ी में हम साथ हैं।

### मुरी पुलिस ने झारखंड-बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

**मुरी।** मुरी पुलिस ने रविवार के दिन सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन के नेतृत्व में नवरात्र के मौके पर झारखंड बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चार पहिया, दो पहिया वाहन की चेकिंग किया गया। बिना हेलमेट पहने वाहन मालिकों को चेतावनी देकर दोबारा भविष्य में गलती नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

### झारखंड पुलिस के 314 मृत कर्मियों के आश्रितों को दी 93.30 लाख की सहायता राशि

**रांची।** झारखंड पुलिस के 314 मृत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को 93.30 लाख की सहायता राशि मिली है। यह राशि परोपकार कोष से दी गयी है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में गत एक सितंबर को झारखंड पुलिस शिक्षा और परोपकार कोष से सहायता राशि की स्वीकृति के लिए बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में पुलिसकर्मियों के आश्रितों को सहायता राशि देने का फैसला लिया गया था। बैठक की अध्यक्षता डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की थी।

**किस जिले और विभाग के कितने पुलिसकर्मियों के आश्रितों मिली सहायता राशि :** रांची : 13, जमशेदपुर : 17, चतरा : 15, गिरिडीह : 07, पलामू : एक, गढ़वा : 11, कोडरमा : तीन, सरायकेला : दो, चाईबासा : नो, धनबाद : छह, पाकुड : चार, देवघर : एक, दुमका : आठ, खूंटी : 11, हजारीबाग : 10, होमगार्ड : एक, निगरानी : एक, झारखंड जगुआर : सात, रेल जमशेदपुर : 10,रेल धनबाद : 15, स्पेशल ब्रांच : 22, जैप और आईआरबी : 131,वायरलेस : छह ,एसआईएसएफ : दो, टीटीएस जमशेदपुर : एक।

## राज्यपाल ने सेंटर फॉर साइट क्लिनिक का किया उद्घाटन

# रांचीवासियों को मिलेगी वर्ल्ड क्लास आई केयर सेवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आंखों की देखभाल के मामले में सबसे विश्वसनीय नाम सेंटर फॉर साइट की सेवाएं अब रांची में मिलेंगी। शानदार टेक्नोलॉजी और भरोसेमंद डॉक्टरों की टीम वाले सेंटर फॉर साइट ने रविवार को रांची में अपना वर्ल्ड क्लास आई केयर सेंटर शुरू कर दिया है। इस सेंटर के शुरू होने से रांची व आसपास के लोगों को इलाज के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची में सेंटर फॉर साइट के सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने अस्पताल की तकनीक, विशेषज्ञता और मरीजों के लिए उपलब्ध शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि ये तमाम चीजें सेंटर फॉर साइट को वन स्टॉप आई केयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करती हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर के खुलने से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ता इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में भी लोगों को अच्छे अस्पताल की सुविधा मिलेगी। दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। अंधेपन की जिन समस्याओं को ठीक किया जा सकता है उनमें मोतियाबिंद, रिफ्रैक्टिव एरर, ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी जैसी कंडीशन शामिल हैं। अच्छी बात ये है कि इनमें से कई बीमारियां न सिर्फ इलाज योग्य हैं बल्कि समय पर हस्तक्षेप और सार्वजनिक जागरूकता के जरिए इन्हें रोका भी जा सकता है। उदाहरण के लिए, मोतियाबिंद को सर्जरी से ठीक किया जा सकता है और आंखों की रोशनी को रोबोटिक, ब्लेड लेस, लेजर तकनीक और प्रीमियम इंट्रा-ओकुलर लेंस का उपयोग करके वापस पाया जा सकता है। फिर भी, भारत में लाखों लोग इस समस्या से ग्रसित हैं। ऐसा अक्सर स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी या उपलब्ध इलाज के बारे में जागरूकता की कमी के कारण होता है। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर महिपाल सिंह सचदेव ने भारत के हर कोने में सस्ती विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल लाने के मिशन पर जोर दिया, क्योंकि दुनिया की एक तिहाई दृष्टिहीन आबादी भारत में रहती है। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर साइट का दृढ़ विश्वास है कि हर आंख बेस्ट इलाज डिजर्व करती है। डॉक्टर महिपाल ने कहा कि सभी लोगों के लिए नेत्र स्वास्थ्य के प्रति हमारा विश्वास और समर्पण सेंटर फॉर साइट को रांची लाने में सहायक रहा है।

# महाअष्टमी पर पंडालों में मां की दर्शन के लिए लोगों का उमड़ा सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

शारदीय नवरात्र की अष्टमी को क्षेत्र के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। ऐतिहासिक रातू किला में रविवार को शायं 5.27 बजे संधि बलि प्रदान की गई इसके उपरांत उपवास में रही महिलाएं मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। नवमी के दिन सोमवार को रातू किला में 12 बजे शाक्त बलि दी जाएगी। इस दौरान किला मैदान में मेले का आयोजन किया जायेगा। जहां लोग मिठाई, खिलौना, सौंदर्य प्रसाधन, चाट - चौमिन, सहित झूला आदि का आनंद ले सकते है। मंगलवार को दशमी की शाम पांच बजे प्रतिमा का विसर्जन कर किला का द्वार आम जनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। मौके पर माधुरी मंजरी देवी, कल्पना देवी, अजय नाथ शहदेव, राजेश शाहदेव, संजय नाथ शाहदेव, नितेश नाथ शाहदेव, अभिरीत प्रताप सिंह देव, पृथ्वी नाथ शाहदेव, स्नेहल शाहदेव, गोपाल नाथ शाहदेव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। **झखराटांड़, महादेव टंगरा व कटहल मोड़ में जलेगा रावण :** मंगलवार को महादेव टंगरा, झखराटांड़ व कटहल मोड़ में रावण दहन किया जाएगा। पूजा के दौरान रातू थाना में कंट्रोल रुम बनाकर विधि व्यवस्था हेतु प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये है। मुख्यालय में डीएसपी प्रवीण सिंह, सीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ हरिशंकर बारीक। रातू में बली उरांव व अंजन कुमार, पाली में मनोज कुमार व शेखर कुमार सिंह, महादेव टंगरा में अलख सिंह व कुलेश्वर महतो, रविस्टील में धर्मेंद्र कुमार, झखराटांड़ में सुधिर कुमार सहित सशस्त्र बल की तैनाती की गयी है। रावण दहन के समय काफी लोगों की भीड़ जमा हो जाती है, जिससे प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## महाअष्टमी पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की लगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के महादानी मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर के अलावे प्रखंड के पाकलमेड़ी, तुको, खत्रीखटंगा, घाघरा, ईटा चिल्द्री, दिघीया व मुरतो गांवो में रविवार को शारदीय नवरात्र महाअष्टमी पर बनाये गए भव्य पंडाल व दुर्गा मंदिर में स्थापित मां भगवती के आठवें रूप मां महागौरी की उपासना कर माँ दुर्गा की पुजा अर्चना की गई। बेड़ो दुगार्बाड़ी में पुजारी सुबल देवघरिया के नेतृत्व में यजमान मनोरंजन देवघरिया व गौतम देवघरिया को पूरे विधि विधान से बंगला पद्धति से मां महागौरी की पूजा आराधना कराई। जहां महिलाओं व पुरुषों ने अष्टमी उपवास रखकर मां भगवती की पूजा की। इस दौरान महादानी मंदिर में भक्तों की पूजा को लेकर घंटो प्रतीक्षा किया। इधर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ दिन भर उमड़ी। शारदीय नवरात्र पर मंदिर व आसपास का इलाका भक्तिरस से सरावोर हो गया है।रामचरितमानस, नवाह्न परायण पाठ, मां दुर्गा पूजन महाष्टमी पर भक्ति गीत की गूंज व भगवती की पूजन तथा आरती से माहौल भक्तिमय हो गया है। वही महाअष्टमी के अवसर पर संधि बलि दी गई। नवमी के अवसर पर देवी मंडप में बकरे की बलि दी जाएगी। जबकि मंगलवार को विजयदशमी दिन दुर्गा पंड़ाल में सुहागिन महिलाएं सिंदूर खेलेंगी। बेड़ो महादानी मैदान में आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

## दूसरे देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताने पर कांग्रेस पर बिफरी भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने डॉक्टर अजय कुमार के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने बताया कि कुपोषण के मामले में और खाने-पीने के मामले में भारत की स्थिति पाकिस्तान-अफगानिस्तान से बदतर है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस का यह पुराना ट्रैक रिकार्ड रहा है। कांग्रेस के नेताओं की एक लंबी लिस्ट है जिनका पाकिस्तान प्रेम जग जाहिर है। इनके युवराज राहुल गांधी भी विदेश की धरती से जाकर भारत में प्रजातंत्र की स्थिति पर प्रश्न उठाते रहे हैं। डॉक्टर अजय कुमार जिस ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हवाला दे रहे हैं, वह एक एनजीओ की रिपोर्ट है ना की कोई आधिकारिक रिपोर्ट। भारत सरकार इस रिपोर्ट और इसके मेथोडॉलॉजी को पहले भी खारिज कर चुकी है। कुपोषण के मामले में इस रिपोर्ट में 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में सिर्फ 3000 बच्चों का सैंपल सर्वे किया गया था। प्रतुल ने कहा कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति किसी से छिपा नहीं है। वहां खाने-पीने के लिए लोग तरस रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर अजय कुमार का ये विकृत बयान विघटनकारी शक्तियों को भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने का मौका देगा। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अगर लगता है कि पाकिस्तान में हालात बेहतर है तो पूरा का पूरा कांग्रेसी कुनबा कुछ समय के लिए पाकिस्तान शिफ्ट कर जाए। प्रतुल ने कहा कि अजय कुमार के इस बयान के 48 घंटे के पास भी राष्ट्रीय कांग्रेस का खंडन नहीं करना दिखता है कि कांग्रेस भी एक गलत रिपोर्ट के आधार पर देश को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है।

## सिल्ली विधायक ने महाअष्टमी के दिन की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

नवरात्रि के अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव लगाम के पूजा पंडाल में विधिवत पूजा अर्चना किया एवं पूरे राज्य में खुशहाली आए तथा राज्य का कल्याण हेतु प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि मां राज्य में अमन चैन तथा शांति स्थापित करें। वही दूसरी और दुर्गा पूजा नवरात्र को लेकर क्षेत्र में सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है और सारा क्षेत्र भक्ति के रस में डूब गया है। महिलाएं सुबह से ही सज धज कर पंडालों में पूजा की थाली लिए पहुंची और मां की पूजा अर्चना की। वहीं महिलाओं ने बताया कि आज का पूजा नवरात्र के अवसर पर काफी महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन आज महागौरी की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव से की जा रही है। महागौरी की पूजा करने से सुख समृद्धि की वृद्धि होती है।

## झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने माता रानी का लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार महाअष्टमी के दिन झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर मां का दर्शन कर क्षेत्र के सुख- शांति, अमन- चैन के लिए प्रार्थना किया। मां की दर्शन के लिए पंडालों मेंश्रद्धालुओं की भीड़ देखने में बन रही थी। ग्रामणी क्षेत्रों के लोग काफी संख्या में आये हुए थे। पुलिस प्रशासन भी पुख्ता इंतजाम कर रखी थी। असामाजिक तत्वों पुलिस की कड़ी नजर थी। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, मीडिया प्रभारी भगीरथ महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, कोषाध्यक्ष लखी चरण मुंडा, उपेंद्र महतो, दिलीप कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, फेंकना महतो, दुलाल मोदक, दिनेश साहू, फागूराम बेदिया, लखीराम बेदिया पंचायत समिति प्रतिनिधि, उप मुखिया दिनेश बेदिया, दिलीप बेदिया, सुभाष महतो, ग्राम प्रधान सुखराम मुंडा, तपन मोदक, श्रीनाथ महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

## मां महागौरी की पूजा से संतान संबंधी समस्या होगी दूर

# मां को सफेद और पीले फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शारदीय नवरात्र का आज आठवां दिन है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन का महत्व बहुत अधिक होता है। इस दिन कन्या पूजन भी किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि माता सीता ने श्री राम की प्राप्ति के लिए देवी महागौरी की ही पूजा की थी। इसलिए माता के इस स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी समस्या दूर होती है। इनकी पूजा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और भक्तों के सभी पापों का भी नाश होता है।

### मां महागौरी को नारियल का लगाये भोग

मां महागौरी का रंग अंत्यत गोरा है। उनके चेहरे पर एक अलग सी तेज है। जो बहुत मनमोहक है। मां की चार भुजाएं हैं। मां के ऊपर दाहिने हाथ अभय मुद्रा और निचले हाथ में त्रिशूल है। महागौरी के ऊपर बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाला हाथ शांत मुद्रा में है। मां का वाहन बैल है। मां का प्रिय फूल रात की रानी है। मां महागौरी को सफेद और पीले फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है। महागौरी को नारियल बहुत प्रिय है। ऐसा करने से देवी महागौरी प्रसन्न होती हैं।

### महागौरी की पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव होते हैं कम

मान्यता है कि महा अष्टमी में सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। माता महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है। राहु ग्रह पर मां महागौरी का आधिपत्य रहता है। इसलिए इनकी पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं। शादी-विवाह में आ रही रुकावटों को दूर करने के लिए भी मां महागौरी की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि महागौरी की पूजा से दांपत्य जीवन सुखद बना रहता है। साथ ही पारिवारिक कलह कलेश भी खत्म हो जाता है।

मां महागौरी की कथा : पौराणिक कथा के मुताबिक, पर्वतराज हिमालय के घर जन्म लेने के बाद मां पार्वती ने महादेव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। इस दौरान माता हजारों वर्षों तक निराहार रहीं। तप के प्रभाव से माता का शरीर काला पड़ गया। जब महादेव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया और माता के शरीर को गंगा के पवित्र जल से कांतिमय बना दिया। इसके बाद माता का रंग एकदम साफ हो गया। तब से माता को महागौरी के रूप में भी जाना जाने लगा।

**राहु ग्रह पर मां महागौरी का आधिपत्य रहता है। इसलिए इनकी पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं**

महागौरी के मंत्र : सर्वमंगल मंग्ल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।। श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।

# सुरक्षा दस्ता रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के मंच का हुआ उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को रातू रोड चौक मे सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि दस्ता का अध्यक्ष मंटू वर्मा ने नारियल फोड़कर एवं रिबन काटकर किया।इस मौके पर वरीय संरक्षक रविंद्र वर्मा,बजरंग वर्मा,शंकर सिन्हा,उत्तम यादव, अध्यक्ष मंटू वर्मा,उपाध्यक्ष रौशन चौधरी, राजेश सरदाना, दीपू वर्मा, संयोजक रुपेश चौरसिया, मंत्री मिंटू सिंह, वरीय प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, मंच प्रभारी शुभम चौधरी, प्रचार प्रभारी अंकित साव, कृष्णा सिंह, अशोक कुमार राणा, राजकिशोर राणा आदि मौजुद थे। अध्यक्ष मंटू वर्मा ने बताया मंच द्वारा श्रद्धालुओं की हर सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा मंच के सभी स्वंसेवक प्रशासन एवं पूजापंडाल से तालमेल बनाए रखेंगे। चोर,उच्चक्के,पाकेटमार आदि पर विशेष निगरानी रखी जायेगी वहीं मुख्य अतिथि मंटू वर्मा जी ने सभी को दुर्गा पूजा,दीपावली एवं छठ महापर्व की शुभकामना दी, एवं कहा दर्शनार्थी शांति पूर्ण भय मुक्त होकर माता जी के दर्शन करे अगर कोई दिक्कत हो तो सुरक्षा दस्ता के स्वयंसेवक के संपर्क करें।

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...


रामगढ़ : सुभाष चौक में स्थापित माता की स्वचालित प्रतिमा।


रामगढ़ : बिजुलिया पूजा पंडाल।

## रामगढ़ : महाअष्टमी पर पंडालों-मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, की पूजा-अर्चना



रामगढ़ : थाना चौक में माता की पूजा-अर्चना करते भक्त।

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। दुर्गा पूजा को लेकर शहर सहित जिलाभर में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से भव्य और आकर्षक पंडालों का निर्माण करवाया गया है। पंडालों में माता दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जहां पहुंचकर श्रद्धालु माता की पूजा अर्चना कर कुशलता की कामना कर रहे हैं। रविवार को शारदीय नवरात्र के 8वें दिन माता के आठवें स्वरूप माता महागौरी की पूजा अर्चना के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मौके पर श्रद्धालुओं ने माता महागौरी की पूजा अर्चना कर उनसे कुशलता और सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न पूजा समितियों ने भव्य और आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण करवाया है। पंडालों में स्थापित माता की प्रतिताओं का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए रात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मड़ई मेला टांड़ सुभाष चौक द्वारा स्थापित स्वचालित प्रतिमा जिसमें माता दुर्गा द्वारा महिषासुर के बध का दृश्य दिखाया गया है, लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहां रात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं ।


रामगढ़ : बिजुलिया में स्थापित माता की प्रतिमा


रामगढ़ : सुभाष चौक पूजा पंडाल


रामगढ़ : थाना चौक पूजा पंडाल।

### मां से आशीर्वाद लेने सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे बरही

## क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की



**बरही ।** महासप्तमी के अवसर पर स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा देर संध्या बरही के विभिन्न पूजा पंडालों को भ्रमण किया. इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड, पटना रोड, पुराना दुर्गा मंदिर, धनबाद रोड, रसोईया धमना आदि पंडालो में विराजमान माता रानी की दिव्य प्रतिमा का दर्शन किया और आशीर्वाद लिया. उन्होंने बताया कि आदिशक्ति मां दुर्गा पापियों का नाश करनेवाली है. उन्होंने भी मां से क्षेत्र के सुख, समृद्धि और शांति की कामना किया है. इस दौरान पूजा समिति की ओर से स्थानीय सांसद का अंग वस्त्र देकर स्वागत भी किया गया. सहित रसोईयाधमना, करियातपुर इत्यादि पूजा पंडालों का भी भ्रमण किया. इस दौरान पूजा समिति के अधिकारी उदय केसरी, छोटन ठाकुर, दिनेश साव सहित वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, भगवान केसरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, गणेश यादव, डोमन पांडेय, संजीव कटरियार, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, मनोज उपाध्याय, नवल किशोर सिंह, प्रमोद कुमार आदि सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

## बरकट्ठा में महाअष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा पूजा को लेकर दुर्गा अष्टमी के अवसर पर रविवार को विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ देखी गई। वहीं लोगों ने माता के आठवें रूप मां गौरी का दर्शन किया। इस निमित बरकट्ठा दुर्गा मंदिर के पुजारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मां महागौरी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। बताया कि उनकी विधिवत पूजा अर्चना करने से विवाह में आ रही समस्याएं दूर हो जाती है और मां की कृपा से मनपसंद जीवन साथी भी मिलता है। इसके अलावा मां महागौरी अपने भक्तों के जीवन में आने वाले सारे कष्टों का नाश करती है और पापों से मुक्ति दिलाती है। विदित हो प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बंडासिंघा, बेलकपी, घंघरी, कलहाबाद, गंगपाचो, कपका, गोरहर गैड़ा आदि स्थान में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मंदिरों में आकर्षक लाइट, साउंड ,गुब्बारे आदि लगाए गए हैं ।वहीं पंडालों के आकर्षक डिजाइन बनाये गए हैं जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दुर्गा अष्टमी को लेकर विधायक अमित कुमार यादव तथा पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने परिवार संग मंदिरों का भ्रमण किया तथा क्षेत्र में अमन चैन की कामना की। वही बरकट्ठा पुलिस तथा गोरहर पुलिस शांति व्यवस्था कायम करने में मुस्तैद दिखी।







महाअष्टमी पर खास

### हजारीबाग देवी मंडपों में बदल गई परंपरा

## अहिंसा परमोधर्मः का सार्थक हुआ नारा

### अब नहीं पड़ती पशुओं की बलि, विशुद्ध वैष्णवी बन गईं माता बकरे और भैंसे की जगह होने लगा भथुए व ईख का चढ़ावा



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में देवी मंडपों में गुजरे वक्त के साथ परंपरा भी बदल गई और अहिंसा परमोधर्मः का नारा सार्थक हुआ. दशहरा में महाष्टमी के दौरान जिन देवी मंडपों में पशुओं की बलि देने की परंपरा थी, वहां की माता विशुद्ध वैष्णवी बन गईं. अब उन मंडपों में पशुओं की बलि नहीं दी जाती है. संधि बलि में बकरे और भैंसे की जगह भथुए और ईंख ने ले ली. पदमा मातु भुवनेश्वरी मंदिर के विद्वान पं. परमानंद शर्मा कहते हैं कि जो माता जन्म देती हैं, वह अपने संतान की बलि कभी नहीं मांगती. हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित बानाहप्पा देवी मंडप में करीब डेढ़ सौ साल पहले नवरात्र की अष्टमी में बकरे की बलि देने की परंपरा थी. वहां माता के अनन्य भक्त कुंवर नागेश्वर प्रसाद सिंह को देवी ने सपने में बलि बंद करने की बात कही थी. मटवारी निवासी कुंवर नागेश्वर के भतीजे किशोरी वल्लभ सिंह बताते हैं कि देवी के सपने के बाद उनके चाचा की आंखों से अविरल अश्रुधार फूट पड़े और फिर वहां देवी मंडप में बलिप्रथा बंद कर दी गई. पुजारियों और ग्रामीणों के निर्णय के बाद केरेडारी के प्रसिद्ध कंडाबेर मंदिर में करीब सवा सौ साल पहले बलि के रिवाज पर विराम लगा दिया गया. कंडाबेर के निवासी दिवाकर पाठक बताते हैं कि वहां पहले बकरे की बलि दी जाती थी. बाद में माता विशुद्ध वैष्णवी हो गईं. हजारीबाग के लाखे में भगवान मिश्र के घर में बने देवी मंदिर में पहले बकरे की बलि दी जाती थी. भावी पीढ़ी ने यह प्रथा बंद करा दी. चतरा के सार्वजनिक टाल दुर्गा पूजा में भैंसे की बलि देने की प्रथा थी. रघुनायक लाल बताते हैं कि करीब 50 वर्ष पूर्व से यहां अष्टमी को अब ईंख और भथुए का चढ़ावा होने लगा. रामगढ़ स्थित गोला के बाबू दुर्गा मंदिर में पागल राघवानंद बाबा ने जीव बलि का रिवाज बंद करा दिया था. पं. देवदत्त कार्यालय के ज्योतिषाचार्य पं. भास्कर मिश्र बताते हैं कि डेढ़ सौ साल पहले वहां बकरे की बलि पड़ती थी.

# कोडरमा: महा अष्टमी पर पंडालों व मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले भर में शारदीय नवरात्रि को लेकर लोगों में काफी उत्साह है. महा अष्टमी के मौके पर पंडालों और मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. झुमरी तिलैया के कला मंदिर, महाराणा प्रताप चौक, अड्डीबंग्ला, महाराणा प्रताप चौक और गौरी शंकर मोहल्ला दुर्गा मंडप में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. वहीं जिले के सभी प्रखंड जयनगर, मरकच्चो, डोमचांच, सदर, चंदवारा में भी स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. पूजा के बाद माता का आशीर्वाद लेने व प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ी.

## डीसी और एसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** शारदीय नवरात्र को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है. रविवार को डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने मरकच्चो प्रखंड के सभी दुर्गा मंडप समेत प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. इस दौरान डीसी-एसपी ने कई आवश्यक निर्देश दिए. दुर्गा पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मने इसको लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद है. बीडीओ पप्पू रजक, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह, पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस जवानों के साथ क्षेत्र में लगातार गश्ती करते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रहे हैं. प्रशासन आम जनमानस से असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देने की अपील कर रही है.

# कोडरमा: एसडीओ ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला दंडाधिकारी जयपाल सोय ने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने हीरोडीह, जयनगर, तेतरोन दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्षों व सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन करने को कहा. साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने दुर्गा पूजा पंडालो में वॉलिंटियर्स की जानकारी लिया और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये.

## सिमडेगा में महाअष्टमी की रही धूम

# मंदिरों और पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

**विकास साहू**

**सिमडेगा।** नवरात्रि की महाअष्टमी तिथि को पंडालों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तों ने माता के आठवें स्वरूप महागौरी देवी की पूजा की। पंडालों में सुबह से ही भक्त पहुंचने लगे थे । दोपहर तक पंडालों में पूजा-अर्चना का क्रम चलते रहा। थाल सजाकर श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी। पंडालों में आचार्यों ने विधि पूर्वक व मंत्रोच्चार करते हुए मां दुर्गे की पूजा-अर्चना कराई। माता को कुमकुम, दुर्वा,अक्षत, अड़हुल का फूल के साथ-साथ धुप-दीप अर्पित किया।आरती कर महाप्रसाद अर्पित किया गया। इधर दशहरा के पर्व को लेकर लोगों में श्रद्धा एवं आस्था उमड़ रहा है।संध्या में बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन के लिए उमड़ रहें हैं।सभी ने बारी-बारी से कतारबद्ध होकर मां भगवती के ममतामयी स्वरूप का दर्शन कर मंगल कामना की। माता से जगत कल्याण की कामना की गई। इधर सुरक्षा को लेकर भी पंडालों व आस-पास के क्षेत्र में कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है।शरारती तत्वों पर पैनी निगाह भी रखी जा रही है।



### चंडी पाठ से माहौल बना पावन

जिले के सभी पूजा पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है । शहर के रामजानकी मंदिर,नीचे बाजार,कुंजनगर,प्रिस चौक,नगर भवन,गुलजार गली एवं शामटोली समेत गरजा एवं अन्य प्रखंडों में भी पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ मां भगवती की पूजा-अर्चना की जा रही है। आचार्यों के द्वारा दुर्गा सप्तशती के पाठ भी की जा रही है। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### पूजा को लेकर बाजार में बढ़ी भीड़

शहर में रविवार को अधिक-भीड़ देखने को मिली।कपड़ा दुकान,मिठाइयों के प्रतिष्ठान में जमकर खरीदारी हुई। लोगों ने जरूरत के अनुसार खरीदारी की। दुकानदार भी और दिनों की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहे। बताया गया की दुर्गा पूजा को लेकर सभी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं और इधर व्यापारी वर्ग में भी खरीदारी और भीड़ को देखते हुए उत्साह का माहौल है।

### विसर्जन जुलूस 25 को

जिले भर में मंगलवार को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा मनेगा इससे पूर्व नवमी तिथि में हवन पूणार्हुति की जाएगी। 25 अक्टूबर को प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इधर बताया गया की 24 तारीख को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 45 फीट का भाग्य रावण का निर्माण किया जा रहा है जिसका दहन किया जाएगा।



### पाकरटोली पारिस में आदिवासी संस्कृतिक नाच प्रतियोगिता

**केरसई।** प्रखंड के पाकरटोली पारिस में आदिवासी संस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें में प्रथम बिरंगाटोली, दूसरा पहाड़टोली, तीसरा चारोटोली को प्राप्त हुआ। विजेता नृत्य मंडली को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा व पूर्व सांसद डा. प्रदीप बलमुचू ने मांदर देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि आदि संस्कृति को बचाए रखने की सराहनीय पहल है। हमे अपनी संस्कृति को बचाकर रखने की जरुरत है।

### बाइक जलाने मामले में पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनवमी पहाड़ के समीप दिनांक-15 सितंबर की रात्रि में नवाटोली कोलेबिरा स्थित मतिउल रहमान के घर में किराया में रह रहे सगीर नामक व्यक्ति के टीवीएस मोटर साईकिल, दो हीरो होण्डा मोटर साईकिल एवं तीन बोरा कम्बल एवं एक पंखा को रात्रि में अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा जला दिया गया था इस मामले में सगीर को करीब 1,20,000/- रूपया का नुकसान हुआ था। इस संदर्भ में कोलेबिरा थाना काण्ड सं-63/23 धारा- 436/452/34 दर्ज किया गया था। जिसमें कोलेबिरा थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि काण्ड का सफल उद्भेदन करते हुए कोलेबिरा पुलिस के द्वारा छापामारी कर उक्त काण्ड को अंजाम देने वाले कुल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

## कील वाली खड़ाऊ में की जाती है मां जगत जननी की आरती





सिमडेगाःमहाष्टमी की बेला में तामड़ा गांव में वर्षों पुरानी अनोखी परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। यहां महाअष्टमी की बेला में गांव के सभी लोग सफेद वस्त्र धारण करके कांटी के खड़ाव में खड़ा होकर मां भगवती की आराधना करते हैं और मां से शक्ति, ऊर्जा, ताकत,बल,साहस के साथ-साथ सुख समृद्धि की कामना करते हैं। आरती में लौंग का दीपक जलाया जाता है। रविवार को 3:30 बजे महा अष्टमी की भव्य आरती का आयोजन किया गया इस दौरान पुरुष वर्ग के द्वारा कील वाली खड़ाऊ में विधिवत खड़ा होकर मां जगत जननी की प्रार्थना करते हुए महा आरती किया। बताया गया की 200 वर्षों से लगातार इस गांव में कल वाली खड़ाऊ में विधिवत आरती की जाती है मान्यता है कि सच्चे मन से इसमें खड़ा होकर आरती करने से मां सब की मनोकामनाओं को पूर्ण करती है। साथ ही अभी बताया गया की धारदार नुकीली होने का बावजूद आज तक किसी को कोई भी चोट नहीं लगी।

### थाना प्रभारी एवं बीडीओ ने किया क्षेत्रों में भ्रमण

**कोलेबिरा।** प्रखंड के कोलेबिरा, लचरागढ़ लसिया के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो, थाना प्रभारी इंद्रेश कुमार, सीआई हरिहर प्रसाद कंप्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र पंडा ने क्षेत्र में भ्रमण किया भ्रमण में पूजा पंडालों को विधि व्यवस्था की जानकारियां ली गई और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर सभी जगह पुलिस प्रशाशन मुस्तैद रही।इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के पदाधिकारी से मुलाकात करते हुए पूजा में होने वाले विधि व्यवस्था आदि चीजों को लेकर चर्चा की।

# केरसई में उपायुक्त ने किया मां का दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** सिमडेगा उपायुक्त अजय कु सिंह बनदुर्गा माँ का दर्शन पूजन कर वापसी के क्रम में पूजा समिति के आग्रह पर केरसई पंडाल में विराजमान मां का दर्शन कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की,साथ ही पूजा समिति के सदस्यों से भी मिल हाल लिया।मोके पर पूजा समिति अध्यक्ष गौतम कुमार रवि गुप्ता प्रणव कुमार पंकज प्रसाद विकाश कुमार बुलेश्वर प्रसाद सीओ बलिराम मांझी एएसआई अवधेश प्रसाद ,अवधेश कुमार अभय प्रसाद, बिष्णु कुमार, पवन कुमार सहित पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

### जामपानी पल्ली में मना नवाखानी पर्व

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत जामपानी पल्ली में मिशन रविवार और नवा खानी पर्व मनाया गया। जिसमे पारंपरिक नवाखानी के गीतों के द्वारा प्रवेश नाच स्थानीय महिलाओं ने किया और स्थानीय युवा वर्ग ने अपनी भक्तिभाव और मधुर गीतों से माहौल को और भी भक्तिमय बनाया।मिस्सा पूजा अनुष्ठान में पल्ली पुरोहित सह डीन फादर थॉमस सोरेंग ने लोगों को नया खानी की शुभकामनाएं दी एवं पर्व का संदेश देते हुए कहा नया खानी कैथोलिक कलीसिया का और झारखंड का प्रमुख लोक-पर्व है।नया खानी पर्व खेतों में खड़ी नई फसल के स्वागत में मनाया जाता है, यह मुख्य रूप से झारखंड के किसानों और खेतिहर श्रमिकों द्वारा मनाया जाने वाला पारम्परिक त्यौहार है, लेकिन समाज के सभी वर्ग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं। लोग नयाखानी का खुशी मानते है।यह दिन नई फसल और अच्छी उपज के लिए ईश्वर को धन्यवाद देने का दिन है ।लोगों के जीवन में स्थायित्व लाने के लिए उन्हें स्थायी खेती के लिए प्रोत्साहित करने और इसके लिए धार्मिक विधि-विधान के साथ नयाखानी पर्व मनाने की शुरूआत की।

## विधायक ने मां भगवती से मांगी क्षेत्रों की खुशहाली की कामना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने रविवार को केरसई, कुरडेग एवं शहर के विभिन्न पूजा पंडाल पहुंचे। उनके साथ पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचु, उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। मौके पर विधायक ने मां भगवती से क्षेत्र के सुख, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। विधायक ने कहा कि मां भगवती सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लाए। माता रानी लोगों के उत्साह को ऐसे ही बनाये रखे। माता रानी सबों की इच्छा पूरा करें। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, मुखिया मूंश खेस, तैरास एक्का, सुशील बेन, पैतृस कुजूर, प्रमोद किंडो, ख्रीस्तोफर केरकेट्टा ,उर्मिला केरकेट्टा, अशरानी एक्का आदि उपस्थित थे।

**अच्छी सोच** घोचोटोली चर्च मैदान में युवा सम्मेलन का आयोजन, विधायक बोले

# 'एकजूट होकर समाज निर्माण में सहयोग करें'

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के घोचोटोली चर्च मैदान में सेंट्रल डायोसिस नॉर्थ वेस्टर्न गोस्सनर एवं जेलिकल लुथेरन चर्च छोटानागपुर एवं असम का प्रथम युवा सम्मेलन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि समाज के विकास के लिए आप सभी युवा आगे आएं। युवा हमारे समाज की पूंजी हैं। अपने समाज की रक्षा सभी के लिए सर्वोपरी होना चाहिए। सभी युवाओं को समाज के लिए अपने जीवन की आहूति भी देने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेदों को भूलकर हमें एकजुट रहना है। हमारा समाज सुरक्षित तभी रह पायेगा जब हम सभी एकजुट रहेंगे। विधायक ने युवाओं को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ को पढ़ने, दैनिक भक्ति के लिए समय निकालने, दूसरों की सेवा करने, मन मे हमेशा सकारात्मक सोच रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आप सोचते हैं कि हम कमजोर हैं तो आप कमजोर बन जाते हैं। इसलिए खुद को कभी कमजोर न समझें।मौके पर एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के महासचिव चाजरस मिंज, सेंट्रल डायोसिस एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के मिनिस्ट्रियल सचिव जुएल किस्पोट्टा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विशप सलाहकार बिमल जॉन खेस, जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, पेरिश चेयरमैन पादरी पीटर खाखा, पादरी डायडम टोप्पो, पादरी जोहन भेंगरा, पादरी सुरजमणि केरकेट्टा, पादरी प्रेमचंद बाड़ा, पादरी जस्टिन एक्का, ओलिभर लकड़ा, अरुण तिर्की, अरविंद खलखो, पादरी कांति लकड़ा, पादरी चमबितास बिलोकन एक्का, अनिल किंडो, पादरी एल्वड लकड़ा, कांग्रेस नेता अजित लकड़ा, निमरोध एक्का, उर्मिला केरकेट्टा, मंजू तिर्की सहित हजारों की संख्या में युवा उपस्थित थे।




# ग्राहक ने शातिराना अंदाज में आभूषण दुकान से लाखों के जेवरात उड़ाये

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आभूषण दुकान में खरीदारी करने आये एक युवक ने व्यवसायी को लाखों का चूना लगा दिया. मामला तिलैया थाना क्षेत्र के झंडा चौक के समीप स्थित चित्रा ज्वेलर्स का है. पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी. इस संबंध में पीड़ित आभूषण व्यवसायी नरेंद्र प्रकाश आर्या ने तिलैया थाना में उक्त युवक के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है. पीड़ित व्यवसायी ने पुलिस को बताया है कि उनकी दुकान पर पहुंचे एक युवक ने अपनी एक महिला मित्र के लिए मां दुर्गा का चांदी का लॉकेट दिखाने को कहा. इसके बाद उसने एक लॉकेट पसंद किया और उसकी खरीदारी के एवज में युवक ने 2690 रुपये नकद भुगतान भी किया. इसके बाद युवक ने लॉकेट में लाह भरने के लिए कहा. इस बीच युवक ने सोने की कान की बाली दिखाने को कहा. जिस पर व्यवसायी आभूषण के बॉक्स निकाल कर बाली दिखाने लगे. इसी क्रम में व्यवसायी को अपनी बातों में उलझा कर युवक ने सोने की चेन का डिब्बा चोरी कर लिया और फिर बड़े आराम से दुकान से निकलते बना. कुछ समय बाद जब व्यवसायी ने सोने की चेन का डिब्बा गायब पाया, तो सीसीटीवी फुटेज की जांच की. जिसमें उक्त युवक बड़े शातिराना अंदाज में सोने की चेन वाला डिब्बा चोरी करते दिखा. पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि उक्त डब्बे में छह पीस सोने की चेन थी, जिसकी कीमत करीब दो लाख 42 हजार रुपये थी. मामले में तिलैया पुलिस ने बताया कि आभूषण व्यवसायी की लिखित शिकायत पर छानबीन की जा रही है. दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखने के बाद शहर के अन्य हिस्से में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की भी जांच की गयी है.



## गागर में सागर

### बंद मकान में मिली मां-बेटे की लाश

**झांसी।** नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित सिविल लाइंस स्थित कोआपरेटिव बैंक के पीछे घनी आबादी में रविवार उस समय हड़कम्प मच गया जब एक बंद मकान में मां-बेटे की लाश मिली। हालांकि पुलिस इसे कोई आपराधिक मामला स्वीकार नहीं कर रही है।

सिविल लाइंस में कोआपरेटिव बैंक के पीछे एक मकान से असहनीय दुर्गन्ध आस-पड़ोस के लोगों को लगी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मकान का दरवाजा खोल कर जांच पड़ताल की तो सभी हतप्रभ रह गए। कमरे में प्रेमलता (85) और उसके बेटे रवि (45) का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजा। दोनों किन परिस्थितियों का शिकार हुए प्रश्नचिन्ह बना हुआ है। क्षेत्र में तरह- तरह की चर्चा है।

मोहल्ला निवासियों का कहना है कि प्रेमलता के पति रेलवे कर्मचारी थे और लोग उन्हें बाबू जी के नाम से जानते थे। बाबू जी की भी कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद यहां पर मां-बेटा अकेले ही रहते थे। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस संबंध में एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मकान में मां और बेटे ही रहते थे। बेटा अवसाद का शिकार था। 19 अक्टूबर से घर में किसी का आना जाना प्रतीत नहीं हुआ। फिर भी पड़ताल की जा रही है। मौत करीब चार दिन पूर्व की प्रतीत होती है।

### चाकूबाजी कर राहगीरों को लूटने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में देर रात राहजनी कर दो युवकों को जख्मी कर मोबाईल फोन लूटने के मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अपराधियों के पास से राहगीरों से छीने गये मोबाईल व घटना में प्रयुक्त चाकू और खून से रंगा कपड़ा बरामद किया गया है।

अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुआ कि घिवाढार से कमाल पिपरा जाने वाली सड़क पर देर रात कमल पिपरा गांव के दो युवक मनजीत कुमार एवं राजकुमार को आठ अपराधियों ने घेर लिया।जिसे अपराधियों ने मोबाइल छीनने के दौरान चाकू मारकर जख्मी कर दिया है।उक्त सूचना के आलोक में मेरे नेतृत्व में पहाड़पुर एसएचओ अंबेश कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बलो की टीम ने त्वतरित कारवाई करते हुए घेराबंदी कर पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गये बदमाशो में पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बतरौलिया गांव निवासी रवि तिवारी, मदन कुमार, रंजन राम के अलावा दो किशोर शामिल हैं।इस मामले में पहाड़पुर थाना में कांड दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

### अपहरण कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, दो भाईयों पर केस दर्ज

**राजगढ़।** छापीहेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कायरी में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने ग्राम सुस्याहेड़ी निवासी दो भाईयों पर जीप में बैठाकर ले जाने और उसके साथ जबरन गलत काम करने व किसी से कहने की बात पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को आरोपित भाईयों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

पुलिस के अनुसार ग्राम कायरी निवासी 14 वर्षीय बालिका ने बताया कि बीती रात घर के सामने खड़ी थी तभी ग्राम सुस्याहेड़ी निवासी सुल्तानसिंह पुत्र लक्ष्मीचंद तंवर, उसका भाई जमनालाल तंवर जीप से आए और जबरन बैठाकर ले गए, रास्ते में सुल्तानसिंह ने गलत काम किया साथ ही किसी से कहने की बात पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपित भाईयों के खिलाफ धारा 363, 376(3), 506, 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

### सपा नेता अब्दुल्ला आजम हरदोई जिला कारागार में शिफ्ट किए गए

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को रविवार को हरदोई जेल में शिफ्ट किया गया। जेलर संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर दोपहर के वक्त अब्दुल्ला आजम को जिला कारागार हरदोई में शिफ्ट किया गया है। पत्रकारों ने अब्दुल्ला से बात करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। आजम खान की ससुराल हरदोई के बिलग्राम में है। इसलिए उनके बेटे अपने ननिहाल वाले जनपद की जिला कारागार में शिफ्ट किये गए हैं। हरदोई में हाई सिक्योरिटी बैरक नहीं है। उन्हें आम बंदियों की तरह सामान्य बैरक में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था।

# एयरपोर्ट की तरह बनाए जाएंगे यूपी के बस अड्डे: सीएम योगी

**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को रामकथा पार्क में 'मिशन महिला सारथी' का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर 51 साधारण बसों (बीएस 6) को रवाना किया। इन बसों में चालक व परिचालक का कार्य महिलाओं द्वारा ही संचालित किया जाएगा। इस दौरान लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।



इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी परिवहन निगम प्रदेश के अंदर परिवहन की ऋण माना जाता है। देश 15 अगस्त 1947 को आजाद होता है, लेकिन निगम की पहली बस मई 1947 में चल चुकी थी। तबसे परिवहन निगम ने लंबी दूरी को तय किया। बचपन में परिवहन का एकमात्र साधन यूपी परिवहन निगम हुआ करता था। गांव हो या शहर, लोग बसों से चलते थे। ज्यादातर लोगों ने परिवहन निगम की बसों में आवागमन कर बचपन व्यतीत किया। यह हमें जोड़ने का काम करती रही। अब परिवहन निगम नई प्रगति व कार्य करते हुए बढ़ रहा है। अब बस स्टेशन भी एयरपोर्ट की तरह बनेंगे। इस पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्र की आज अष्टमी तिथि है। आठवें रूप में आज मां गौरी का अनुष्ठान कर रहे हैं। माना जाता था कि महिलाएं यह काम नहीं कर सकतीं पर इससे उपयुक्त अवसर नहीं हो सकता, जब महाअष्टमी की तिथि को मिशन शक्ति के साथ जोड़कर मिशन महिला सारथी को लांच करने के साथ-साथ उन महिला चालक व परिचालकों को इससे जोड़ा जा रहा है। आज 51 बसें प्रदेश के अलग-अलग जगहों के लिए चलेगी, इनमें चालक व परिचालक महिलाएं होंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीक से जीवन में बहुत परिवर्तन कर सकते हैं। निगम की इस कार्यकुशलता को प्रयागराज कुंभ में हमने देखा, जब 24 करोड़ श्रद्धालुओं को लाने- ले जाने का कार्य किया गया। जब वैश्विक महामारी कोरोना आई थी, तब यूपी व अन्य राज्यों के 40 लाख लोग विस्थापित हुए थे और वे पैदल ही अपने घरों के लिए चल पड़े थे। तब यूपी परिवहन निगम इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए आया था। 11-12 हजार बसों को लेकर निगम के चालक-परिचालक बार्डर पर डट गए थे।

## माता के दरबार पहुंचे नीतीश, की पूजा-अर्चना



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को नवरात्र पर्व की महाअष्टमी के दिन अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर, पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री की विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री ने मां शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जी जाकर मां भगवती दुर्गा की भी पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री को मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस 'के' है कमलनाथ की : शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि महाराष्ट्र की शिवसेना जैसा हाल मध्य प्रदेश में कांग्रेस का हो गया है। यहां कांग्रेस 'के' है जो कमलनाथ की कांग्रेस है।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, हम वादे नहीं, हम काम कर हैं और जो काम कर रहे हैं, वो बता रहे हैं। कांग्रेसी रोज झूठे वादे करते हैं, कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान नहीं बल्कि झूठ की दुकान खोल रखी है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं, यह दूसरा महाझूठ पत्र तो ले आए, पहले वचन पत्र का क्या हुआ।

मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस के वचन पत्र पर कहा, कांग्रेसी महाझूठ पत्र निकाल रहे हैं। मध्यप्रदेश की जनता इन पर भरोसा नहीं करेगी। समझ में नहीं आता, मध्य प्रदेश में किसकी कांग्रेस है। कांग्रेस सोनिया गांधी की है या मल्लिकार्जुन खड़गे की है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस 'के' हो गई है, जो कमलनाथ की कांग्रेस है। वहीं सर्वे कर रहे हैं, वही टिकट बांट रहे हैं, कार्यकर्ता प्रदर्शन कर कपड़े फाड़ रहे हैं, पुतले जला रहे हैं, दशहरे से पहले ही पुतले जल रहे हैं। जैसे शिवसेना महाराष्ट्र में दो हिस्सों में बट गई, वैसे ही मध्य प्रदेश में कांग्रेस दो हिस्सों में बंट गई है।

मुख्यमंत्री चौहान ने आगे कहा कमलनाथ ने तो इंडिया गठबंधन का भी सत्यानाश कर दिया। न गठबंधन का कोई भविष्य है और न ही कांग्रेस का कोई भविष्य है। कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा ही आएगी। जनता ने मन बना लिया है।

## बिहार में नवरात्रि के अवसर पर भाजपा 'फलाहार पॉलिटिक्स' के जरिए उठा रही हिंदुत्व का मुद्दा

**एजेंसी। पटना**

अगले साल होने वाले संभावित लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपनी-अपनी रणनीति के तहत तैयारी में जुट गए हैं। इस बीच, भाजपा अपने हिंदुत्व के मुद्दे को हवा देने में जुटी है। वैसे, बिहार में इफ्तार को लेकर सियासत कोई नई बात नहीं है। राजद और जदयू के नेता रमजान के महीने में इफ्तार पार्टी का आयोजन करते रहे हैं। इस नवरात्रि को लेकर भाजपा के कई नेताओं ने फलाहार का आयोजन किया है।



भाजपा के नेताओं का कहना है कि अगर रमजान के महीने में इफ्तार पार्टी आयोजित की जा सकती है तो नवरात्र के मौके पर सनातन धर्मावलंबी उपवास करते हैं, ऐसे में फलाहार पार्टी देने में क्या बुराई है। इस नवरात्रि में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश के कोषाध्यक्ष राकेश सिन्हा, प्रवक्ता नीरज कुमार सहित कई नेताओं ने फलाहार पार्टी आयोजित की, जिसमे पार्टी के नेताओं के अलावा आम लोगों को आमंत्रित किया गया। बड़ी संख्या में लोग भी इनकी फलाहार पार्टियों में पहुंचे। विधानसभा में विपक्ष के नेता सिन्हा कहते हैं कि महागठबंधन के लोग तुष्टिकरण के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं, जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित सभी वर्गों के संतुष्टिकरण सिद्धांत के तहत नवरात्र में फलाहार प्रसाद का निरंतर आयोजन करेगी।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का अपमान और इसके प्रति भ्रामक वातावरण बनाना सनातन विरोधियों की आदत बन गई है। फलाहार का आयोजन इन अराजकतत्वों को सकारात्मक संदेश देने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि शक्ति की भक्ति से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। सिन्हा द्वारा आयोजित फलाहार कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित भाजपा के कई नेता पहुंचे। इधर, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन कहते हैं कि भाजपा की शुरू से ही राजनीति मंदिर के इर्द गिर्द घूमती है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा छह महीने के बाद भाजपा के नेताओं को फलाहार ही करना होगा और मंदिर में ही जाकर बैठना होगा। जनता इनकी सियासत को जान चुकी है। राजीव रंजन ने भाजपा के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि अभी भी भाजपा के नेताओं के पास समय है कि जनता से जुड़े कामों पर ध्यान दे, शायद लोग कुछ इन्हें दे दें। इधर, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी कहते हैं कि भाजपा को हिन्दू-मुस्लिम के

## शिवराज ने प्रदेश को केवल भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी दी, जनता देगी जवाब : कमलनाथ

**एजेंसी। सिवनी**

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा हमला बोला है और कहा है कि शिवराज ने प्रदेश को सिर्फ भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी ही दी है।



कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद कमलनाथ की पहली जनसभा सिवनी में हुई। यहां उन्होंने कहा,मध्यप्रदेश की जनता 18 साल के कुशासन से त्रस्त है। शिवराज ने जनता को झूठी घोषणाओं के सिवाय कुछ नहीं दिया।कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह ने पूरा प्रदेश चौपट प्रदेश बना दिया है। मैं जब नौजवानों की ओर देखता हूं तो मुझे नौजवानों की बहुत चिंता होती है। हम चाहते हैं कि हमारे कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए नौजवानों की आर्थिक मजबूती हो। सभी के बच्चे अच्छे स्कूल में जाएं और यह हमारी चुनौती भी है। चुनाव तो आते-जाते रहते हैं। संसद से लेकर ग्राम पंचायत तक के चुनाव आते हैं और सभी चुनाव का अपना महत्व होता है। प्रदेश में 17 नंबर को जो चुनाव है वह केवल एक उम्मीदवार या केवल एक पार्टी का चुनाव नहीं है, वह पूरे मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। उन्होंने नौजवानों से कहा कि मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या विश्व में कोई ऐसा देश है जहां पर इतनी जातियां हों, इतनी भाषाएं हो, इतने देवी देवता हो, या कोई ऐसा देश पूरे विश्व में है जहां पर इतने त्यौहार हों? हमारा भारत एक झंडे के नीचे खड़ा हुआ है, आपके गांव, आपके मोहल्ले, आपके शहर में सभी धर्म के सभी जातियों के लोग प्यार से रहते हैं और यह संभव हो पाया है हमारी संस्कृति की वजह से, भारत की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है।उन्होंने कहा कि आज किस तरह से धर्म और जाति के बीच आपस में झगड़ा कराने का काम किया जा रहा है। बाबा साहब अंबेडकर ने हमें एक जीता जागता संविधान दिया, आप भारत के रक्षक हैं और भारत के संविधान के भी रक्षक हैं, भारत की संस्कृति के भी रक्षक हैं और यह बात आपको विशेष रूप से समझना है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह राज में मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की एक ऐसी व्यवस्था है, जहां पर आपके पास अगर 50 एकड़ जमीन भी है तो आप पैसे देकर गरीबी रेखा के नीचे अपना नाम लिखा सकते हैं। पैसे दो काम लो की पूरी एक व्यवस्था खड़ी कर रखी है। इन 18 सालों में शिवराज सिंह चौहान ने 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार और कमीशन की सरकार चलाई है।

कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान भी यहां आएंगे, वे अभी तक 22000 घोषणाएं कर चुके हैं, अब तो उनकी घोषणा की मशीन और झूठ की मशीन डबल स्पीड से चलने लगी है। शिवराज सिंह चौहान झूठ में इतने माहिर हैं कि जहां नदी भी न हो, वहां पर भी पुल की घोषणा करके चले आते हैं और यही शिवराज सिंह चौहान का 18 साल का रिकॉर्ड है। शिवराज सिंह चौहान ने केवल भ्रष्टाचार दिया, महंगाई दी, बेरोजगारी दी और हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरा चौपट करके रख दिया।

## सीएम योगी ने बदली है यूपी की पहचान : पंकज चौधरी

**एजेंसी। गोरखपुर**

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इस रोजगार मेले के जरिये योगी सरकार ने जॉब सीकर व जॉब प्रोवाइडर को एक साथ मंच दिया है। विगत 06 वर्षों में यूपी सरकार ने 05 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं। योगी जी ने योग्यता को ही चयन का पैमाना बनाया है। इसमें किसी तरह के भ्रष्टाचार या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं है।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेला एवं सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण तथा स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी की पहचान बदलने का काम किया है। यहां योगी जी ने ऐसा माहौल बनाया है कि देश ही नहीं दुनिया



से लोग निवेश करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी व सीएम सीएम का प्रयास गरीब कल्याण के साथ युवाओं के रोजगार पर है। इसके लिए स्किल डेवलपमेंट पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने बताया कि रोजगार व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए देश में 41 करोड़ लोगों को को 23 लाख करोड़ रुपये मुद्रा लोन दिया गया है। देश मे 1 लाख से अधिक स्टार्टअप चल रहे हैं। इसी क्रम में महिलाओं को स्वयंसेवी समूहों से जोड़कर स्वावलंबी बनाया जा रहा है। देश मे 1.20 करोड़ समूह हैं और हर समूह से 15 से 20 महिलाएं जुड़ी हैं।

## राजनीति

### मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के दर्जनों नेता टिकट नहीं मिलने से हैं नाराज

# विस चुनाव: बागी बिगाड़ेंगे कांग्रेस-बीजेपी का खेल

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के लिए बागी मुसीबत बनने वाले हैं। कई विधानसभा क्षेत्र में तो यह बागी नतीजे को भी पलटने की ताकत रखते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों के लिए बगियों को साधना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को एक चरण में मतदान होना है। राज्य में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। दोनों ही राजनीतिक दलों को उम्मीदवार के चयन में भारी मशक्कत के दौर से गुजरना पड़ रहा है। टिकट मिलने और काटने से कई इलाकों में असंतोष भी उभर रहा है और नाराज नेता पार्टियां छोड़कर दूसरे दल का दामन थामने में लगे हैं तो वहीं विरोध प्रदर्शन करने के मामले में पीछे नहीं है।

कांग्रेस अब तक 229 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है और इसके बाद लगभग दो दर्जन स्थानों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही है। इसी का नतीजा रहा है कि पार्टी को तीन स्थान दतिया, पिछोर व गोटेगांव से अपने उम्मीदवारों को बदलने तक पड़ गया।

बगावती नेताओं के समर्थक विधानसभा क्षेत्र से लेकर भोपाल तक अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है और कई ने तो पार्टी तक छोड़ दी है।भाजपा ने भी जिन



उम्मीदवारों के टिकट काटे हैं और दलबदलुओं को उम्मीदवार बनाया है उसको लेकर कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। पार्टी से कई नेताओं ने इस्तीफा भी दिया और वर्तमान के दो विधायक शिवपुरी के कोलारस से वीरेंद्र रघुवंशी और मैहर के नारायण त्रिपाठी ने तो पार्टी को ही अलविदा कह दिया। ये दोनों ऐसे विधायक हैं जिन्हें कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद थी, मगर निराशा हाथ लगी। दोनों ही राजनीतिक दल बढ़ते असंतोष से चिंतित हैं और उन्होंने नाराज नेताओं को बनाने की जिम्मेदारी अपने-अपने दल के वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। वे नाराज नेताओं को भरोसा दिला रहे हैं कि राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर उन्हें महत्व दिया जाएगा, साथ ही कई नेताओं को तो संगठन में समायोजित किया जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के इस बार के चुनाव कांटे के मुकाबले के हैं। सरकार किसी भी दल की बन सकती है और यही कारण है कि तमाम दावेदार चुनाव मैदान में उतरकर अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राजनेताओं को लगता है कि अगर वह चुनाव जीत जाते हैं तो उनकी किस्मत बदल जाएगी। जिन नेताओं को राजनीतिक दल टिकट नहीं दे रहे हैं वे बगावत कर सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। छोटे दलों की तरफ राजनेताओं का रुझान इसलिए भी है कि अगर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में से किसी को भी बहुमत नहीं मिलता है, वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव जैसी स्थिति बनती है, तो सत्ता की चाबी उनके हाथ में आ जाएगी।

### बीएसएफ ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**उत्तर दिनाजपुर।** उत्तर बंगाल के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रहरियों ने अलग-अलग सीमा क्षेत्रों से दो बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। बीएसएफ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, किशनगंज सेक्टर के अंतर्गत बीएसएफ की 132वीं बटालियन के बॉर्डर आऊट पोस्ट (बीओपी) गोलगच के सतर्क सीमा जवानों ने एक बांग्लादेशी युवक को घुसपैठ करते पकड़ा है। पकड़े गए युवक का नाम मोहम्मद मामून है। बांग्लादेशी युवक को सीमा जवानों ने उस समय पकड़ा जब वह बांग्लादेश से भारत में आने के लिए अवैध रूप से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। पकड़े गए बांग्लादेशी युवक बीएसएफ जवानों ने आगे की कार्रवाई के लिए चोपड़ा थाने को सौंप दिया गया है।

